# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.5.21 | 3 | 1-4 |

**कार्यक्रम** इफको की ओर से नैनो यूरिया का परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्त्व विषय पर वेबिनार आयोजित

# नैनो यूरिया का प्रयोग क्रांतिकारी कदम : प्रो. कांबोज

जागरण संवाददाता, हिसार: कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो -यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। ये बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कही। वे सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

मुख्यातिथि ने आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे से छोटे किसान तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही किसानों के लिए कम लागत व अधिक उत्पादन बढ़ाने के लिए तकनीक विकसित करने पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध एक निरंतर प्रक्रिया है और विश्वविद्यालय किसानों के हित के लिए लगातार प्रयासरत है।



ऑनलाइन वेबिनार में नैनो यूरिया की जानकारी देते एचएयू के कुलपति डा. बीआर कांबोज। ● पीआरओ

**नैनो यूरिया क्रांतिकारी कदमः जल, जमीन और पर्यावरण संरक्षण** के अनुकूल नाइट्रोजन उर्वरक उत्पाद परिवहन, भण्डारण और प्रयोग में सुविधाजनक हैं। विश्वविद्यालय व किसानों के अपने स्तर पर इनके प्रदर्शन परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं। जहां फास्फोरस व पोटाश जैसे पोषक तत्व जमीन में भंडारित हो सकते हैं, वहीं नाइट्रोजन जोकि अत्यंत घुलनशील है, इसमें यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का प्रयोग किया जाना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने इसके लिए कृषकों व इफको को बधाई दी। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्रों को इसके प्रचार-प्रसार व उपलब्धता के लिए प्रेरित किया। इफको के राज्य प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया।

**एक बैग यूरिया के बराबर आधा लीटर नैनो यूरिया है कारगरः** नैनो टेक्नॉलोजी के महाप्रबंधक डॉ. रमेश रलिया ने नये उत्पाद नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक तरल उत्पाद है। इसकी आधा लीटर मात्रा यूरिया के एक बैग के बराबर उत्पादन की क्षमता रखती है। इससे नाइट्रोजन पोषक तत्व की फसल को पूर्णतया आपूर्ति होती है और जल, जमीन और पर्यावरण का भी संरक्षण होता है। इफको के विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार ने बताया कि यह भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्व का प्रथम उत्पाद है जो सभी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया गया है। इसकी लागत परम्परागत यूरिया से कम पड़ती है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 23.5.21 | 4 | 6-8 |

# 'नैनो यूरिया का प्रयोग क्रांतिकारी कदम'

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो -यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। यह बात चौ. चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कही। वह सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे।

उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे से छोटे किसान तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही किसानों के लिए कम लागत व अधिक उत्पादन बढ़ाने हेतू तकनीक विकसित करने पर जोर दिया। विश्वविद्यालय जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर किसानों को जागरूक कर रहा है। साथ ही बॉयो फर्टिलाइजर को बढावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने एक

### एचएयू कुलपति ने कहा- इफको व विवि संयुक्त रुप से कर रहे काम

लैब भी स्थापित की है ताकि केमिकल फर्टिलाइजर के प्रयोग से बचा जा सके। नैनो यूरिया का प्रयोग क्रांतिकारी कदम होगा। कृषि विज्ञान केंद्रों को इसके प्रचार-प्रसार व उपलब्धता के लिए प्रेरित किया। इफको के राज्य प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। नैनो टेक्नॉलोजी के महाप्रबंधक डॉ. रमेश रलिया ने नए उत्पाद नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक तरल उत्पाद है। इसकी आधा लीटर मात्रा यूरिया के एक बैग के बराबर उत्पादन की क्षमता रखती है। इफको के विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार ने बताया कि इसकी लागत परंपरागत यूरिया से कम पड़ती है। एक बैग यूरिया के बराबर आधा लीटर नैनो यूरिया ही कारगर है।

## एचएयू गांवों में बांटेगा दवा किट, छह गांवों को लिया गोद

हिसार (ब्यूरो)। चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने शनिवार को कोरोना दवाओं की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रुक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने इस पहल की सराहना की। कुलपति ने बताया कि छह गांवों में कोरोना की दवाइयों की 100-100 किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्मय से वितरित की जाएंगी। कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। इस मौके पर कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हरि भूमि | 23.5.21 | 9 | 5.8 |

# कृषि में नैनो यूरिया का प्रयोग क्रांतिकारी : प्रो. काम्बोज

- इफको की ओर से नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व पर वेबिनार का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▸▸ हिसार

कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो - यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। यह बात हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कही। वे सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यातिथि ने आह्वान किया कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे किसान तक पहुंचाएं। किसानों के लिए कम लागत में अधिक उत्पादन की तकनीक पर जोर दिया।

## आधा लीटर नैनो कारगर

नैनो टेक्नॉलोजी के महाप्रबंधक डॉ. रमेश रलिया ने नए उत्पाद नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक तरल उत्पाद है। इसकी आधा लीटर मात्रा यूरिया के एक बैग के बराबर उत्पादन की क्षमता रखती है। इससे नाइट्रोजन पोषक तत्व की फसल को पूर्णतया आपूर्ति होती है और जल, जमीन और पर्यावरण संरक्षण होता है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार | 23.05.2021 | -- | -- |



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 22-5-21 | 2 | 3-6 |

# एचएयू के वीसी ने कहा-आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता और सद्भाव जरूरी

## एचएयू में कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर ली शपथ



भास्कर न्यूज़| हिसार

आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सद्भाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने व्यक्त किए। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई। इस अवसर पर एचएयू के रजिस्ट्रार डॉ. राजवीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसपीएस सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर और अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.5.21 | 3 | 7-8 |

### आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एकता व सदभाव जरूरी



शपथ लेते कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज एवं अन्य। • पीआरओ।

हिसार : आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. कांबोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान सभी ने शपथ ली। (जासं)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 22.5.21 | 2 | 3-5 |

# आतंकवाद से लड़ने के लिए एकता जरूरी : प्रो. कांबोज

माई सिटी रिपोर्टर

हिसार। आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सद्भाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। उक्त विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने व्यक्त किए। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान लोगों को संबोधित कर रहे थे।

इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसपीएस सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।



एचएयू में शपथ लेते अधिकारी।

## एचएयू में आतंकवाद विरोधी दिवस पर सभी विभागों में ली शपथ

**आतंकवाद विरोधी दिवस पर एनसीसी कैडेट्स ने ली शपथ :** गुरु जंभेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में एनसीसी कैडेट्स ने शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। कोरोना के कारण एनसीसी अधिकारी व कैडेट्स ने घरों में रहकर आतंकवाद विरोधी शपथ ली। एनसीसी अधिकारी, प्रथम हरियाणा एयर विंग बटालियन व थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कैडेट्स द्वारा ऑनलाइन शपथ ली गई। एनसीसी अधिकारी डॉ. मीनाक्षी भाटिया ने बताया कि इस दिवस को मनाने का अहम उद्देश्य देश में आतंकवाद, हिंसा के खतरे और उसके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक असर के बारे में लोगों में जागरूकता बढ़ाना है। इस अवसर पर एनसीसी अधिकारी डॉ. राजीव, अनुराग सांगवान, राजकमल आदि उपस्थित रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 22.5.21 | 3 | 1-5 |

# 'सरकारी कार्यालयों में आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया'

हिसार, 21 मई (पंकेस): जिले के विभिन्न सरकारी कार्यालयों में शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। इस दिवस को मनाने का मकसद शांति और मानवता का संदेश देना है। इसके साथ ही लोगों को इस बारे में भी जागरूक करना है कि कैसे आतंकी गुट हमलों को अंजाम देने की योजना बनाते हैं।

इस दिन राष्ट्रविरोधी ताकतों से सतर्क रहते हुए एकता का संदेश भी दिया जाता है, क्योंकि आंतकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होती। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ली।





*विश्वविद्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ लेते कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज एवं अन्य व आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ लेते कर्मचारी।* (पंकेस)

**हिसार, (पंकेस):** आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. का बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आंतकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की पर परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आंतकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

वहीं गुरु जम्भेश्वर विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय के एन.सी.सी. विभाग द्वारा शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया गया। इस साल वैश्विक महामारी कोरोना के कारण एन.सी.सी. अधिकारी व कैडेट्स ने अपने अपने घरों में रहकर आतंकवाद विरोधी शपथ ली। एन.सी.सी.अधिकारी, प्रथम हरियाणा एयर विंग बटालियन व थर्ड हरियाणा गर्ल्स बटालियन के कैडेट्स द्वारा ऑनलाइन शपथ ली गई। इस अवसर पर एन.सी.सी. अधिकारी डॉ. राजीव, अनुराग सांगवान, राजकमल आदि भी उपस्थित रहे।

**सिवानी मंडी, (पोपली):** विभिन्न सरकारी कार्यालयों में अलावा पुलिस थाना में भी शुक्रवार को आतंकवाद विरोधी दिवस मनाया। इस दिवस को मनाने का मकसद शांति और मानवता का संदेश देना है।

थाना प्रभारी महेन्द्र सिंह ने बताया कि इस दिन राष्ट्रविरोधी ताकतों से सतर्क रहते हुए एकता का संदेश भी दिया जाता है क्योंकि आतंकवाद का कोई धर्म या जाति नहीं होती। इस अवसर पर विभिन्न विभागों के अधिकारियों व कर्मचारियों ने आतंकवाद विरोधी दिवस पर शपथ ली।



*सिवानी में पुलिस कर्मियों को शपथ दिलाते थाना प्रभारी महेंद्र सिंह।* (पोपली)

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक भास्कर | 23.5.21 | 2 | 1-3 |


**पहल** • 50 डॉक्टरों की सूची जारी, फ्री इलाज, दवाइयां और खाना देंगे

# नवोदियन डॉक्टर्स ऑनलाइन ग्रुप बनाकर दे रहे 24 घंटे फ्री सेवा

सिटी रिपोर्टर • कोरोना महामारी के इस दौर में जहां अनेक सरकारी व सामाजिक संस्थाएं अपना महत्वपूर्ण योगदान दे रही हैं, वहीं नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों की संस्था नवोदय शक्ति भी मिसाल कायम कर रही है। नवोदय में पढ़ाई करके डॉक्टर बने बच्चों ने एक सोशल मीडिया एप ग्रुप बनाकर प्रदेशभर के डॉक्टरों को उसमें जोड़ा हुआ है और सभी डॉक्टरों की तरफ से 24 घंटे फ्री इलाज करने का बीड़ा उठाया हुआ है। इतना ही नहीं मरीजों को अपनी तरफ से फ्री दवाइयां व खाना मुहैया करवाया जाता है।

नवोदय शक्ति के प्रधान लक्ष्मण श्योराण ने बताया कि हरियाणा के विभिन्न नवोदय विद्यालयों के पूर्व छात्रों के संगठन नवोदय शक्ति ने हरियाणा में चिकित्सा सेवाएं प्रदान करने के लिए 50 चिकित्सकों की सूची जारी की है, जिसमें उनके संपर्क सूत्र व चिकित्सा संस्थान का नाम जारी किया है ताकि नवोदय के साथ पूर्ण समाज के लोगों को स्वास्थ्य सेवाओं का लाभ प्रदान किया जा सके।


### तीन घंटे पहले कॉल करने पर भोजन मिलेगा

नवोदय शक्ति की टीम ने अपने नंबर सार्वजनिक किए हुए हैं। किसी भी संक्रमित एवं दिव्यांग व्यक्ति को फोन नं. 8929000007 पर 3 घंटे पहले भोजन संबंधित जानकारी देनी पड़ती है और फिर टीम प्रबंध करती है। इस टीम में लक्ष्मण श्योराण नवोदय, अमित कौशल, अजय, कमलेश, सुदेश चहल, ज्योति, कुलजीत, प्रमोद, पवन और मनोज आदि शामिल हैं।

### टीम में ये डॉक्टर हैं

मेडिकल टीम में दिल्ली एम्स, सफदरजंग, राम मनोहर लोहिया, महाराजा अग्रसेन, अपोलो, आधार, पीजीआई रोहतक, पीजीआई चंडीगढ़, मेडिकल कॉलेज अग्रोहा, जिला नागरिक अस्पताल सहित विभिन्न सरकारी व निजी संस्थानों के पारंगत डॉ. राजेश रेड्डू, डॉ. मीनू गोयल, डॉ. विकास बुंदेला, डॉ. सचिन आदि शामिल हैं।

## एचएयू ने छह गांवों को लिया गोद कोरोना दवा की किट बांटी जाएंगी



सिटी रिपोर्टर • एचएयू ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विवि ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें अपूरवड कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है।

### हर गांव में भेजी जा रही हैं सौ-सौ किट

कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 23.5.21 | 2 | 6.8 |


# एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोनारोधी दवाइयों की किट, प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद

जागरण संवाददाता, हिसारः कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें अप्रूव्ड कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

**एचएयू सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर चला रहा है अभियान :** विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस अस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसिलिंग करवाना शामिल हैं। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सैनिटाइज करवाना, मास्क व सैनिटाइजर वितरित करना आदि सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अलावा शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।



कोरोना पीड़ितों की सहायता के लिए किट के डिब्बे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती को सौंपते हुए कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज। • पीआरओ

## एचएयू हॉस्पिटल में 10 ऑक्सीमीटर का प्रबंध

कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की अप्रूव्ड दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही है। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलपति के अलावा कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरूण, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

## चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
### लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक पंजाब केसरी | 23.5.21 | 1 | 2-5 |

# 'एच.ए.यू. गांवों में बांटेगी कोरोना दवाइयों की किट, प्रथम चरण में 6 गांवों को लिया गोद'

### प्रत्येक गांवों में भेजी जा रही हैं 100-100 किट, एच.ए.यू. हॉस्पिटल में 10 ऑक्सीमीटर का प्रबंध

हिसार, 22 मई (पकेस): कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है।

विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के 6 गांवों को गोद लिया है, जिनमें अप्रूवड कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रूक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मु य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।



*कोरोना पीड़ितों की सहायता के लिए किट के डिब्बे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती को सौंपते हुए कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज।*

कुलपति प्रोफेसर बी.आर. का बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की अप्रूवड दवाइयों की 100-100 किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मु य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को जिले की मु य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलपति के अलावा कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरूण, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक सवेरा | 23.5.21 | 5 | 1-2 |

# एचएयू गांवों में बांटेगी कोरोना दवाइयों की किट



कोरोना पीड़ितों की सहायता के लिए किट के डिब्बे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रत्ना भारती को सौंपते हुए कुलपति प्रोफैसर बी.आर.काम्बोज।

हिसार, (सुरेंद्र सोढ़ी) : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें अप्रूवड कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफैसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रूक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। कुलपति प्रोफ़ैसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की अप्रूवड दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्मय से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलपति के अलावा कुलसचिव डा. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डा. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. रत्ना भारती, उप चिकित्सा अधिकारी डा. तरूण, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डा. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| The Tribune | 24.5.21 | 2 | 1 |


# HAU donates 200 tonnes of dry wood

HISAR, MAY 23

Haryana Agricultural University (HAU) has donated 200 tonnes of dry wood to the Municipal Corporation for the cremation of Covid victims.

Dr BR Kamboj, HAU Vice Chancellor, said: "The university stands united with affected families in this hour of crisis. The HAU will continue to donate dry wood for performing the last rites of the victims."Earlier, the university auctioned off dry wood. Rajesh Kumar, an MC employee who is part of the team that performs the last rites at Rishi Nagar cremation ground, said: "Nearly 20 bodies are cremated every day and this requires \72 quintals of wood. The HAU's gesture will help us tide over the shortage of dry wood." An HAU spokesperson said the university donated 100 medical kits each among six villages — Talwandi Rukka, Balsamand, Mangali, Agroha, Gawar and Mohabbatpur. —TNS

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय


| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| दैनिक भास्कर | 24.5.21 | 2 | 6.8 |

# एचएयू ने निगम को 200 क्विंटल लकड़ियां सौंपी

## वैश्विक कोरोना महामारी के चलते लिया फैसला, मृतकों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट भेजी लकड़ी

भास्कर न्यूज़ | हिसार

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की। विश्वविद्यालय ने तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से श्मशान घाट में भिजवाई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।



सूखी लकड़ियों की ट्रॉली को श्मशान घाट ले जाते एचएयू कर्मचारी।

एचएयू के वीसी प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कहा कि कोरोना में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है। आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने कोरोना के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है जिनमें कोरोना पीड़ितों को निःशुल्क कोरोना की दवाइयों की किट प्रदान की जा रही हैं। साथ ही समय-समय पर विश्वविद्यालय परिसर व कृषि विज्ञान केंद्रों में टीकाकरण कैंप, जरूरतमंद कोरोना पीड़ितों को खाने की व्यवस्था, ऑक्सीजन की सुविधा, बेड एम्बुलेंस आदि की सहायता की जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य जारी रहेंगे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पंजाब केसरी | 24.5.2021 | 4 | 5-7 |

# 'हकृवि ने नगर निगम को सौंपी 200 क्विंटल सूखी लकड़ियां'

## मानवता के नाते जरूरतमंदों के लिए शमशान घाट को भेजी



सूखी लकड़ियों की ट्राली को श्मशान घाट ले जाते एच.ए.यू. कर्मचारी।

हिसार, 23 मई (पंकेस): चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से शमशान घाट में भिजवा दी गई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए शमशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में जहां-जहां सूखी लकड़ियां उपलब्ध हैं, उनको एकत्रित कर और कटवाकर शमशान घाट में भिजवाने के निर्देश दिए।

उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है जिनमें कोरोना पीड़ितों को निःशुल्क कोरोना बीमारी की दवाइयों की किट प्रदान की जा रही हैं।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| दैनिक जागरण | 24.5.21 | 4 | 3-5 |

# संक्रमितों के दाह संस्कार के लिए एचएयू ने बढ़ाया कदम, निगम को सौंपी 200 क्विंटल सूखी लकड़ी

जागरण संवाददाता, हिसार : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की हैं। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से शमशान घाट में भिजवा दी गई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफसर बीआर काम्बोज ने कहा कि कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डा. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है। उन्होंने विवि में जहां-जहां सूखी लकड़ियां उपलब्ध हैं, उनको एकत्रित कर और कटवाकर शमशान घाट में भिजवाने के निर्देश दिए।



एचएयू से सूखी लकड़ी नगर निगम को जाती हुई। ● पीआरओ

## निभाया अपना फर्ज

ये सूखी लकड़ियां अंत्येष्टि के लिए काम आ सकेंगी व मानवता की भलाई में सहयोग हो सकेगा। श्मशान घाट में एकदम सूखी लकड़ी बहुतायत मात्रा में नहीं मिल पाती हैं, जिसके चलते शवों के अंतिम संस्कार करवाने में दिक्कतें आती हैं। विश्वविद्यालय परिसर से सूखी लकड़ियां को एकत्रित किया गया और मानवता का फर्ज अदा करते हुए इन्हें श्मशान घाट को सौंपा गया।

## बोली लगाकर बेचते थे लकड़ियां

आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है। विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है। विश्वविद्यालय परिसर व कृषि विज्ञान केंद्रों में टीकाकरण कैंप, जरूरतमंद कोरोना पीड़ितों को खाने की व्यवस्था, ऑक्सीजन की सुविधा, बेड एम्बुलेंस आदि की सहायता की जा रही है। भविष्य में भी सामाजिक सरोकार के कार्य जारी रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| अमर उजाला | 24.5.21 | 2 | 3-4 |

# एचएयू ने निगम को सौंपी 200 क्विंटल लकड़ी

माई सिटी रिपोर्टर



सूखी लकड़ियों लेकर जाते एचएयू के कर्मचारी।

हिसार। हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय (एचएयू) ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से तीन ट्रॉली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से श्मशान घाट में भिजवा दी गई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. बीआर कांबोज ने कहा कि कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट को ये लकड़ियां सौंपी गईं। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है, जिनमें कोरोना पीड़ितों को निशुल्क कोरोना बीमारी की दवाइयों की किट प्रदान की जा रही हैं। साथ ही समय-समय पर विश्वविद्यालय परिसर व कृषि विज्ञान केंद्रों में टीकाकरण कैंप, जरूरतमंद कोरोना पीड़ितों को खाने की व्यवस्था, ऑक्सीजन की सुविधा, बेड, एंबुलेंस आदि की सहायता की जा रही है।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 23.05.2021 | -- | -- |

एचएयू ने मानवता के नाते जरूरतमंदों के लिए शमशान घाट को भेजी

# एचएयू ने नगर निगम को सौंपी 200 क्विंटल सूखी लकड़ी

पांच बजे न्यूज

**हिसार।** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से शमशान घाट में भिजवा दी गई है और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए शमशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में जहां-जहां सूखी लकड़ियां उपलब्ध हैं, उनको एकत्रित कर और कटवाकर शमशान घाट में भिजवाने के निर्देश दिए।



उन्होंने बताया कि ये सूखी लकड़ियां जरूरतमंद परिवारों को अपने परिजनों की अंत्येष्टि के लिए काम आ सकेंगी और मानवता की भलाई में हमारा सहयोग हो सकेगा। शमशान घाट में एकदम सूखी लकड़ी बहुतायत मात्रा में नहीं मिल पाती है, जिसके चलते शवों के अंतिम संस्कार करवाने में दिक्कतें आती हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर से सूखी लकड़ियों को एकत्रित किया गया और मानवता का फर्ज अदा करते हुए इन्हें शमशान घाट को सौंपा गया। आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने कोरोना महामारी के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है जिनमें कोरोना पीड़ितों को नि:शुल्क कोरोना बीमारी की दवाइयों की किट प्रदान की जा रही है। साथ ही समय-समय पर विश्वविद्यालय परिसर व कृषि विज्ञान केंद्रों में टीकाकरण कैंप, जरूरतमंद कोरोना पीड़ितों को खाने की व्यवस्था, ऑक्सीजन की सुविधा, बेड, एम्बुलेंस आदि की सहायता की जा रही है। भविष्य में भी इस प्रकार के सामाजिक सरोकार के कार्य जारी रहेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 21.05.2021 | -- | -- |


# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज



पाठकपक्ष न्यूज

हिसार, 21 मई : आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सद्भाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसवीएस सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# समाज कल्याण ट्रस्ट द्वारा गांव में सैनिटाइजर अभियान चलाया



पाठकपक्ष न्यूज

हांसी, 21 मई :

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 21.05.2021 | -- | -- |

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी : प्रो. काम्बोज



पांच बजे न्यूज

हिसार। आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है।

ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

**युवाओं को किया जाए प्रेरित**

उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसवीएस सुरेंद्र कुमार मलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| टुडे न्यूज | 23.05.2021 | -- | -- |


# एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना दवाइयों की किट, प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद

टुडे न्यूज | हिसार




कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें अपूरवड कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रूक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना शामिल हैं। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सेनेटाइज करवाना, मास्क व सेनेटाइजर वितरित करना आदि सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अलावा शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 21.05.2021 | -- | -- |

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए एकता व सद्भाव जरूरी : कुलपति

हिसार/21 मई/रिपोर्टर

आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सद्भाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में उन्हें ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आंतकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आंतकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शान्ति, सामाजिक सद्भाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एसके सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसपीएस सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा आदि भी मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 23.05.2021 | -- | -- |

# कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

हिसार : कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो -यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। ये बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कही। वे सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यातिथि ने आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे से छोटे किसान तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही किसानों के लिए कम लागत व



अधिक उत्पादन बढ़ाने हेतू तकनीक विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध एक निरंतर प्रक्रिया है और विश्वविद्यालय किसानों के हित के लिए लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर किसानों को जागरूक कर रहा है। साथ ही बॉयो फर्टिलाइजर को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने एक लैब भी स्थापित की है ताकि केमिकल फर्टिलाइजर के प्रयोग से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जल, जमीन और पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल नाइट्रोजन उर्वरक उत्पाद परिवहन, भण्डारण और प्रयोग में सुविधाजनक हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 22.05.2021 | -- | -- |

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

हैलो हिसार न्यूज

**हिसार:** आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन



करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।

उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक

### एचएयू में आतंकवाद विरोधी दिवस पर सभी विभागों में ली शपथ

प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 23.05.2021 | -- | -- |

# नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर वेबिनार का आयोजन



**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो-यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। ये बात हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने कही। वे सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वेबिनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे से छोटे किसान तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही किसानों के लिए कम लागत व अधिक उत्पादन बढ़ाने हेतु तकनीक विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध एक निरंतर प्रक्रिया है और विश्वविद्यालय किसानों के हित के लिए लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर किसानों को जागरूक कर रहा है।

नैनो टेक्नोलॉजी के महाप्रबंधक डॉ. रमेश रलिया ने नये उत्पाद नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक तरल उत्पाद है। इसकी आधा लीटर मात्रा यूरिया के एक बैग के बराबर उत्पादन की क्षमता रखती है। इससे नाइट्रोजन पोषक तत्व की फसल को पूर्णतया आपूर्ति होती है और जल, जमीन और पर्यावरण का भी संरक्षण होता है। विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार ने बताया कि यह भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्व का प्रथम उत्पाद है जो सभी राष्ट्रीय व अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया गया है। इसकी लागत परम्परागत यूरिया से कम पड़ती है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.05.2021 | -- | -- |

# हकृवि ने 6 गांवों को लिया गोद, भेजी दवाइयों की किट

हिसार/22 मई/रिपोर्टर

कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें आयुर्वेद कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने आज कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, ललवंडी रुक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा। विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बैड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना आदि शामिल हैं। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सैनेटाइज करवाना, मास्क व सैनेटाईजर वितरित करना आदि सुविधाएं भी शामिल हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय के अधिकारियों के अलावा शिक्षक व गैर शिक्षक कर्मचारियों का भी भरपूर सहयोग मिल रहा है। कुलपति प्रोफेसर काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की आयुर्वेद दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक भी मौजूद रहे।



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 21.05.2021 | -- | -- |

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी: काम्बोज

सिटी पल्स न्यूज, हिसार। आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है।



हिसार। एचएयू में आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ लेते कुलपति प्रो. बी.आर. काम्बोज एवं अन्य।

### युवाओं को किया जाए प्रेरित

उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे। साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसवीएस सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हैलो हिसार | 23.05.2021 | -- | -- |

# एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना दवाइयों की किट, प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद

हैलो हिसार न्यूज

**हिसार :** कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें आयुर्वेद कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की



किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रुक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

**एचएयू सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर चला रहा है अभियान**

विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक

**प्राथमिक चिकित्सा केंद्र व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से मरीज तक पहुंचेगी किट**

संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना शामिल हैं। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सेनेटाइज करवाना, मास्क व सेनेटाइजर वितरित करना आदि

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे | 22.05.2021 | -- | -- |



# एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना दवाइयों की किट, प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद

## प्राथमिक चिकित्सा केंद्र व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से मरीज तक पहुंचेगी किट

पांच बजे न्यूज

हिसार। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें आयुर्वेद कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, [illegible], मंगाली, अग्रोहा, [illegible] व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।



**एचएयू सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर चला रहा है अभियान**

विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना शामिल है। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सेनेटाइज करवाना, मास्क व सेनेटाइजर वितरित करना आदि सुविधाएं भी शामिल हैं।

**प्रत्येक गांव में भेजी जा रही हैं सौ-सौ किट**

कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की आयुर्वेद दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को सीएमओ को सौंपते समय कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. सक्सेना, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| समस्त हरियाणा | 21.05.2021 | -- | -- |

समस्त हरियाणा — शनिवार, 21 मई, 2021


### एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना बचाव दवाइयों की किट

# हकृवि ने प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद

### प्राथमिक चिकित्सा केंद्र व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से मरीज तक पहुंचेगी किट

समस्त हरियाणा न्यूज

हिसार। कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए सरकार, कोरोना योद्धा, सामाजिक संस्थाएं, संगठन, विभिन्न संस्थान आदि दिन-रात लगे हुए हैं और सभी मिलकर एक-दूसरे की सहायता कर रहे हैं। इसी कड़ी में चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें आयुर्वेद कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी




को गोद लिए गए गांव में बांटने के लिए रवाना किया। कुलपति ने कहा कि इस संकट की घड़ी में हम सबका फर्ज मानव धर्म को निभाना है। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी रुक्का, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

विश्वविद्यालय प्रशासन भी लगातार मानव धर्म निभाते हुए इस कड़ी में जुटा हुआ है। इसके लिए शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय परिसर में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना शामिल हैं। इसके अलावा नियमित रूप से विश्वविद्यालय परिसर को सैनेटाइज करवाना, मास्क व सेनेटाइजर वितरित करना आदि सुविधाएं भी शामिल हैं।

### प्रत्येक गांवों में भेजी जा रही हैं सौ-सौ किट

कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने बताया कि गोद लिए गए जिले के छह गांवों में कोरोना की आयुर्वेद दवाइयों की सौ-सौ किट प्राथमिक चिकित्सा केंद्रों व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से जिले के मुख्य चिकित्सा अधिकारी द्वारा भेजी जा रही हैं। उन्होंने बताया कि विश्वविद्यालय के कैंपस हॉस्पिटल में कर्मचारियों की सुविधा के लिए दस ऑक्सीमीटर का भी प्रबंध किया गया है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलपति के अलावा कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, छात्र कल्याण निदेशक डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती, डॉ. तरुण, नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| एचआर ब्रेकिंग | 22.05.2021 | -- | -- |

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी : प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज

एचआर ब्रेकिंग न्यूज़

हिसार। आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे।

वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, लोगों के बीच आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी।



विश्वविद्यालय में आतंकवाद विरोधी दिवस के अवसर पर शपथ लेते कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज एवं अन्य।

**युवाओं को किया जाए प्रेरित :** उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। इसके लिए युवाओं में देशभक्ति जगाना, आम आदमी की पीड़ा और जीवन पर आतंकवाद के घातक प्रभाव के बारे में ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाना चाहिए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने आतंकवादी विरोधी शपथ लेते हुए प्रण किया कि वे अपने देश की अहिंसा एवं सहनशीलता की परम्परा में दृढ़ विश्वास रखते हुए आतंकवाद और हिंसा का डटकर विरोध करेंगे।

साथ ही मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, ओएसडी सुरेंद्र कुमार सलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पांच बजे न्यूज | 22.05.2021 | -- | -- |




इफको ने किया नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर वेबिनार का आयोजन

# कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम : प्रो. काम्बोज



चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| नभ छोर | 22.05.2021 | -- | -- |

# फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए नैनो यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा : कुलपति

हिसार/22 मई/रिपोर्टर

कृषि क्षेत्र में फसल उत्पादन बढ़ाने के लिए यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का उपयोग एक क्रांतिकारी कदम साबित होगा। ये बात चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कही। वे सहकारी संस्था इफको द्वारा नैनो यूरिया परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर आयोजित वैबीनार में बतौर मुख्यातिथि बोल रहे थे। मुख्यातिथि ने आह्वान करते हुए कहा कि विश्वविद्यालय व इफको संयुक्त रूप से तकनीकी जानकारी व सुविधाओं को सीमांत क्षेत्र में स्थित छोटे से छोटे किसान तक पहुंचाने का कार्य करें। साथ ही किसानों के लिए कम लागत व अधिक उत्पादन बढ़ाने हेतु तकनीक विकसित करने पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि शोध एक निरंतर प्रक्रिया है और विश्वविद्यालय किसानों के हित के लिए लगातार प्रयासरत है। विश्वविद्यालय जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए निरंतर किसानों को जागरूक कर रहा है। साथ ही बॉयो फर्टिलाइजर को बढ़ावा देने के लिए विश्वविद्यालय ने एक लैब भी स्थापित की है ताकि कैमिकल फर्टिलाइजर के प्रयोग से बचा जा सके। उन्होंने कहा कि जल, जमीन और पर्यावरण संरक्षण के अनुकूल नाइट्रोजन उर्वरक उत्पाद परिवहन, भण्डारण और प्रयोग में सुविधाजनक हैं। उन्होंने कहा कि विश्वविद्यालय व किसानों के अपने स्तर पर इनके प्रदर्शन परिणाम उत्साहवर्धक रहे हैं। जहां फास्फोरस व पोटाश जैसे पोषक तत्व जमीन में भंडारित हो सकते हैं, वहीं नाइट्रोजन जोकि अत्यंत घुलनशील है, इसमें यूरिया के स्थान पर नैनो यूरिया का प्रयोग किया जाना एक क्रांतिकारी कदम है। उन्होंने इसके लिए कृषकों व इफको को बधाई दी। साथ ही कृषि विज्ञान केंद्रों को इसके प्रचार-प्रसार व उपलब्धता के लिए प्रेरित किया। इफको के राज्य प्रबंधक डॉ. पुष्पेंद्र वर्मा ने सभी प्रतिभागियों का स्वागत किया। नैनो टैक्नोलॉजी के महाप्रबंधक डॉ. रमेश रलिया ने नये उत्पाद नैनो यूरिया के बारे में जानकारी देते हुए बताया कि यह एक तरल उत्पाद है। इसकी आधा लीटर मात्रा यूरिया के एक बैग के बराबर उत्पादन की क्षमता रखती है। इससे नाइट्रोजन पोषक तत्व की फसल को पूर्णतया आपूर्ति होती है और जल, जमीन और पर्यावरण का भी संरक्षण होता है। इफको के विपणन निदेशक योगेंद्र कुमार ने बताया कि यह भारत सरकार द्वारा अनुमोदित विश्व का प्रथम उत्पाद है जो सभी राष्ट्रीय व अंतर्राष्ट्रीय मानकों के अनुकूल बनाया गया है। इसकी लागत परम्परागत यूरिया से कम पड़ती है। कृषि विज्ञान केंद्र रेवाड़ी से डॉ. अनिल यादव ने टिकाऊ खेती में इफको के जैव उर्वरकों, बायो उत्पादों व नैनो सागरिका उर्वरकों के महत्व पर चर्चा की। सीएससी नई दिल्ली से प्रबंधक निदेशक डॉ. दिनेश त्यागी ने कृषि विकास में डिजिटल तकनीक के माध्यम से ग्राम व किसान विकास मॉडल पर चर्चा की। कार्यक्रम में ऑनलाईन माध्यम से प्रदेश के करीब पांच हजार से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
| --- | --- | --- | --- |
| समस्त हरियाणा न्यूज | 21.05.2021 | -- | -- |

समस्त हरियाणा शुक्रवार, 21 मई, 2021

# आतंकवाद का मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव जरूरी : प्रोफेसर काम्बोज

समस्त हरियाणा न्यूज



**हिसार।** आतंकवाद का डटकर मुकाबला करने के लिए आपसी एकता व सदभाव बहुत जरूरी है। इसके लिए देश में बढ़ते आतंकवाद व हिंसा के खतरे और उनके समाज, लोगों तथा देश पर पड़ने वाले खतरनाक प्रभाव को रोकने के लिए लोगों में जागरूकता बहुत जरूरी है। ये विचार चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय हिसार के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहे। वे आतंकवाद विरोधी दिवस के उपलक्ष्य में विश्वविद्यालय में कुलपति कार्यालय में आयोजित शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान संबोधित कर रहे थे। इस दौरान विश्वविद्यालय के सभी विभागों में कोरोना महामारी के चलते केंद्र व राज्य सरकार की हिदायतों का पालन करते हुए अपने-अपने कार्यालयों में शपथ ली गई। कुलपति ने कहा कि आतंकवाद विरोधी दिवस मनाने का मुख्य उद्देश्य लोगों में आतंकवाद के खिलाफ जागरूकता बढ़ाना, शांति और मानवता का संदेश फैलाना, आपसी सद्भाव पैदा करते हुए एकता का संदेश देना है। उन्होंने कहा कि आतंकवाद जैसी भयानक समस्या से निपटने के लिए देश में 21 मई को राष्ट्रीय आतंकवाद विरोधी दिवस के रूप में मनाया जाता है। उन्होंने कहा कि इस दिन उन लोगों को श्रद्धांजलि दी जाती है जिन्होंने आतंकवादी हमलों में अपनी जान गंवाई और यह दिवस उन हजारों सैनिकों के बलिदान का सम्मान भी करता है, जिन्होंने आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई लड़ी थी। उन्होंने कहा कि युवाओं को आतंकवाद और हिंसा के पथ से दूर रखने के लिए प्रेरित किया जाए। कार्यक्रम में सभी विभागों के कर्मचारियों ने मानव जाति के सभी वर्गों के बीच शांति, सामाजिक सदभाव तथा सूझबूझ कायम करने और मानव जीवन मूल्यों को खतरा पहुंचाने वाली और विघटनकारी शक्तियों से लड़ने के लिए प्रयास करेंगे और उनका डटकर मुकाबला करेंगे इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलसचिव डॉ. राजबीर सिंह, स्नातकोत्तर अधिष्ठाता डॉ. अतुल ढींगड़ा, अनुसंधान निदेशक डॉ. एस.के. सहरावत, वित्त नियंत्रक नवीन जैन, एसपीएस सुरेंद्र कुमार मलूजा, मुख्य सुरक्षा अधिकारी सुखबीर, अधीक्षक कपिल अरोड़ा मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| सिटी पल्स | 22.05.2021 | -- | -- |

# एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना दवाइयों की किट, विवि ने छह गांवों को लिया गोद




हिसार। किट के डिब्बे जिला मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती को सौंपते हुए कुलपति।

**सिटी पल्स न्यूज, हिसार।** कोरोना जैसी वैश्विक महामारी से निपटने के लिए हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक सरोकार की दिशा में कदम बढ़ाते हुए कोरोना पीड़ितों की मदद का बीड़ा उठाया है। विश्वविद्यालय ने इसके लिए हिसार जिले के छह गांवों को गोद लिया है, जिनमें कोरोना की दवाइयों की किट वितरित की जाएंगी। कुलपति प्रो. बी. आर. काम्बोज ने शनिवार को कोरोना दवाइयों की किट की गाड़ी को गांव में बांटने के लिए रवाना किया। उन्होंने बताया कि प्रथम चरण में गोद लिए गए गांवों में बालसमंद, तलवंडी राणा, मंगाली, अग्रोहा, गावड़ व मोहब्बतपुर शामिल हैं। जिले की मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. रत्ना भारती ने विश्वविद्यालय प्रशासन की इस पहल की सराहना करते हुए कहा कि भविष्य में भी इसी प्रकार सहयोग मिलता रहेगा।

प्रशासन शहर की सामाजिक संस्थाओं के साथ मिलकर विश्वविद्यालय में कोरोना पीड़ितों व जरूरतमंदों को भोजन की व्यवस्था करवाना, बेड व एम्बुलेंस की सुविधा मुहैया करवाना, टीकाकरण अभियान चलाना, कैंपस हस्पताल में दवाइयों का वितरण, ऑक्सीजन की व्यवस्था करवाना और कोरोना पीड़ितों की समय-समय पर काउंसलिंग करवाना शामिल है। कोरोना किट वितरण गाड़ी को मुख्य चिकित्सा अधिकारी को सौंपते समय कुलसचिव डॉ. राजवीर सिंह, डॉ. देवेंद्र सिंह दहिया, उप चिकित्सा अधिकारी डॉ. तरुण, नवीन जैन, वरिष्ठ चिकित्सा अधिकारी डॉ. प्रीति मलिक मौजूद रहे।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| पाठक पक्ष | 23.05.2021 | -- | -- |

# एचएयू ने नगर निगम को सौंपी 200 क्विंटल सूखी लकड़ी

## मानवता के नाते जरूरतमंदों के लिए शमशान घाट को भेजी



**पाठकपक्ष न्यूज**

हिसार, 23 मई : चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना महामारी के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की है। इसी कड़ी में विश्वविद्यालय की ओर से तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से शमशान घाट में भिजवा दी गई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी। विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने कहा कि कोरोना महामारी में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए शमशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है। साथ ही उन्होंने विश्वविद्यालय परिसर में जहां-जहां सूखी लकड़ियां उपलब्ध हैं, उनको एकत्रित कर और कटवाकर शमशान घाट में भिजवाने के निर्देश दिए। उन्होंने बताया कि ये सूखी लकड़ियां जरूरतमंद परिवारों को अपने परिजनों की अंत्येष्टि के लिए काम आ सकेंगी और मानवता की भलाई में हमारा सहयोग हो सकेगा। शमशान घाट में एकदम सूखी लकड़ी बहुतायत मात्रा में नहीं मिल पाती हैं, जिसके चलते शवों के अंतिम संस्कार करवाने में दिक्कतें आती हैं। इसके लिए विश्वविद्यालय परिसर से सूखी लकड़ियों को एकत्रित किया गया और मानवता का फर्ज अदा करते हुए इन्हें शमशान घाट को सौंपा गया। आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है।

चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या |
|---|---|---|
| हैला हिसार | 24.05.2021 | -- |

# एचएयू ने 200 क्विंटल लकडियां, मृतकों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट भेजी

**हिसार :** चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय ने सामाजिक दायित्व के नाते कदम बढ़ाते हुए कोरोना के दौरान मृतकों की अंत्येष्टि के लिए नगर निगम को 200 क्विंटल सूखी लकड़ी दान की। विश्वविद्यालय ने तीन ट्राली सूखी लकड़ियां नगर निगम के माध्यम से श्मशान घाट में भिजवाई हैं और भविष्य में भी यह प्रक्रिया जारी रहेगी।

एचएयू के वीसी प्रोफेसर बीआर काम्बोज ने कहा कि कोरोना में जान गंवाने वाले गरीब मरीजों की अंत्येष्टि के लिए श्मशान घाट को ये लकड़ी सौंपी गई। इसलिए इस महामारी के दौरान जान गंवाने वालों के लिए एक मदद होगी। भू-दृश्य संरचना इकाई के अध्यक्ष डॉ. पवन कुमार ने बताया कि विश्वविद्यालय के वीसी प्रोफेसर बी.आर. काम्बोज ने वर्तमान में फैली वैश्विक कोरोना महामारी के चलते जरूरतमंद लोगों की समस्या का संज्ञान लेते हुए उनकी मदद के लिए यह फैसला लिया है।

आमतौर पर विश्वविद्यालय की ओर से सूखी लकड़ियों की बोली लगाकर बेचा जाता है, लेकिन इस बार विश्वविद्यालय प्रशासन ने इन्हें बेचने की बजाय दान करने का फैसला लिया है। इसके अलावा विश्वविद्यालय ने कोरोना के चलते जिले के छह गांवों को भी गोद लिया है जिनमें कोरोना पीड़ितों को निशुल्क कोरोना की दवाइयों की किट प्रदान की जा रही हैं।

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार | 24.05.2021 | -- | -- |



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार | 23.05.2021 | -- | -- |



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार | 23.05.2021 | -- | -- |



# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार

## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| हिंदुस्तान समाचार | 22.05.2021 | -- | -- |

हिसार में बोले बीआर कांबोज, आपसी एकता व सद्भाव से ही आतंकवाद का मुकाबला संभव



[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जीवन आधार | 23.05.2021 | -- | -- |

### कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम : प्रोफेसर बीआर कांबोज

SHARE



**इफको की ओर से नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर वेबिनार आयोजित**

हिसार,

[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जीवन आधार | 23.05.2021 | -- | -- |

### कृषि क्षेत्र में नैनो यूरिया का प्रयोग एक क्रांतिकारी कदम : प्रोफेसर बीआर कांबोज

SHARE



**इफको की ओर से नैनो-यूरिया-परिचय एवं फसल उत्पादकता में महत्व विषय पर वेबिनार आयोजित**

हिसार,

[illegible]

# चौधरी चरण सिंह हरियाणा कृषि विश्वविद्यालय, हिसार
## लोक संपर्क कार्यालय

| समाचार पत्र का नाम | दिनांक | पृष्ठ संख्या | कॉलम |
|---|---|---|---|
| जीवन आधार | 23.05.2021 | -- | -- |

### एचएयू गांवों में बांटेगा कोरोना दवाइयों की किट, प्रथम चरण में छह गांवों को लिया गोद



**प्राथमिक चिकित्सा केंद्र व सामाजिक संस्थाओं के माध्यम से मरीज तक पहुंचेगी किट**

हिसार,